राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 10 अगस्त। राजस्थान सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के मंत्री श्री रमेश चन्द मीणा तथा श्रम, कारखाना एवं बॉयलर्स (स्वतंत्र प्रभार) व राजस्व विभाग के राज्यमंत्री श्री सुखराम विश्नोई ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रात: 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान श्री रमेश चन्द मीणा तथा श्री सुखराम विश्नोई ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। उक्त मंत्री के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री महेन्द्र सिंह खेड़ी व श्री गजेन्द्र सिंह सांखला मौजूद रहे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter